मध्य प्रदेश क्रूज़ पर्यटन को बढ़ावा देगा

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड ने मध्य प्रदेश में क्रूज़ पर्यटन को बढ़ाने के लिये **भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI)** और गुजरात सरकार के साथ एक **समझौता ज्ञापन (MoU)** पर हस्ताक्षर किये हैं।

मुख्य बिंदु:

- इस सहयोग के तहत, राज्य में कोलकाता से कुक्षी तक **पोंटून के नाम से जाने जाने वाले दो फ्लोटिंग जेटी** भेजे गए हैं।
- प्रस्तावित क्रूज़ मार्ग **मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर** में एकात्म धाम (स्टैच्यू ऑफ वननेस) से शुरू होने और **गुजरात के केवडिया में** स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक यात्रा करने के लिये निर्धारित है।
- MoU में उल्लिखित शर्तों के अनुसार, IWAI मध्य प्रदेश और गुजरात दोनों को दो फ्लोटिंग जेटी प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है।
- राज्य सरकार द्वारा **क्रूज़ पर्यटन के लिये अतिरिक्त बुनियादी ढाँचे और सुविधाओं का विकास किया जाएगा,** जिससे क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय आबादी को लाभ मिलेगा।
- **क्रूज़ पर्यटन** न केवल **पर्यटन परिदृश्य को समृद्ध करने** का वादा करता है, बल्कि पर्यटकों को नर्मदा नदी के प्राकृतिक दृश्यों के बीच स्थानीय संस्कृति, परंपराओं, जीवन शैली और व्यंजनों का एक व्यापक अनुभव भी प्रदान करता है।

नर्मदा नदी

- **नर्मदा नदी (जिसे रीवा** के नाम से भी जाना जाता है) उत्तर और दक्षिण भारत के बीच एक पारंपरिक सीमा के रूप में कार्य करती है।
- यह मैकल पर्वत के **अमरकंटक शिखर** से पश्चिम की ओर 1,312 किमी. प्रवाहित होते हुए **खंभात की खाड़ी** में मिलती है।
- यह महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों के कुछ क्षेत्रों के अलावा मध्य प्रदेश के एक बड़े क्षेत्र में जल प्रवाहित करती है।
- **यह प्रायद्वीपीय क्षेत्र की पश्चिम की ओर प्रवाहित होने वाली** नदी है जो उत्तर में विंध्य पर्वतमाला तथा दक्षिण में सतपुड़ा पर्वतमाला के बीच एक दरार घाटी से होकर बहती है।
- **सहायक नदियाँ:**
    - **दाहिनी ओर से प्रमुख सहायक नदियाँ हैं**- हिरन, तेंदोरी, बरना, कोलार, मान, उरी, हटनी और ओरसांग।
    - **प्रमुख बाई सहायक नदियाँ हैं-** बर्नर, बंजार, शेर, शक्कर, दूधी, तवा, गंजाल, छोटा तवा, कुंडी, गोई और करजन।
- **बाँध:**
    - नदी पर बने प्रमुख बाँधो में ओंकारेश्वर और महेश्वर बाँध शामिल हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-to-boost-cruise-tourism